


# B4 School Check

## माता-पिता तथा अभिभावकों के लिए जानकारी

# बीफोर स्कूल चैक क्या है?

बीफोर स्कूल चैक चार साल के बच्चों के लिए एक निःशुल्क जाँच है। इस जाँच से यह निश्चित करने में सहायता मिलती है कि आपका बच्चा स्वस्थ है तथा स्कूल में अच्छी तरह से पढ़-लिख रहा/रही है। यह अपने बच्चे के स्वास्थ्य तथा विकास के बारे में नर्स से बातचीत करने का एक अच्छा अवसर है।



बीफोर स्कूल चैक अन्तिम वैल चाइल्ड कार्यक्रम की जाँच है। इसका तात्पर्य आपके बच्चे को होने वाली हर स्वास्थ्य समस्या की खोज कर लेना नहीं है, इसलिए अगर आप किसी भी समय अपने बच्चे के बारे में चिन्तित हैं, तो अपने फैमिली डॉक्टर से बात करें।

हम आपको सम्मिलित करना चाहते हैं। अपने बच्चे के विकास तथा आचार-व्यवहार के बारे में दो प्रश्नावलियों को पूरा करने में हमें आपकी सहायता की जरूरत है। आपके बच्चे को अच्छी तरह से जानने वाले एक (अर्ली चाइल्डहुड एजूकेटर) या अध्यापक/अध्यापिका से भी आचार-व्यवहार सम्बन्धी प्रश्नावली को भरने के लिए कहा जाएगा। आपके बच्चे की दृष्टि तथा श्रवण-शक्ति की भी जाँच की जाएगी।



## मेरे बच्चे को बीफोर स्कूल चैक कैसे प्राप्त हो सकता है?


आपके बीफोर स्कूल चैक प्रदाता द्वारा आप तथा आपके बच्चे को उपस्थित होने के लिए निमंत्रित किया जाएगा तथा आपकी सहमति के लिए पूछा जाएगा।



## बीफोर स्कूल चैक कैसे किया जाता है?

बीफोर स्कूल चैक में समान्य तौर पर 45-60 मिनट का समय लगता है। यह ज्यादातर नर्स द्वारा आपके सामने किया जाता है क्योंकि आपके बच्चे के बारे में आपसे ज्यादा कोई नहीं जानता।
आपके बच्चे की दृष्टि तथा श्रवण-शक्ति की जाँच आम तौर पर दृष्टि और श्रवण-शक्ति तकनीशियनों द्वारा की जाएगी तथा इस टैस्ट को अलग से किया जा सकता है।

अगर आप या नर्स के विचार में आपके बच्चे को संभावित समस्या या दिक्कत है, तो नर्स इस बारे में आपसे बातचीत करेगी और ऐसी सेवाओं के पास आपको भेजने का प्रस्ताव करेगी जो आपकी सहायता कर सकती हैं। अगर आपके बच्चे के कुछ टीके छूट जाते हैं तो नर्स इसमें भी आपकी मदद कर सकती है।



## बीफोर स्कूल चैक के बाद क्या होता है?

आपके बच्चे के बीफोर स्कूल चैक होने के बाद नर्स आपसे चैक के बारे में बातचीत करेगी तथा आप परिणामों की प्रतिलिपि (कॉपी) प्राप्त कर सकते हैं। अगर आपके बच्चे की वैल चाइल्ड टॉमारिकी ओरा हैल्थ पुस्तक है, तो उसे बीफोर स्कूल चैक के समय अपने साथ लाएं तथा नर्स सारे ब्यौरे को उसमें भर देगी।

अगर आपके बच्चे को किसी और चीज की जरूरत है, तो नर्स उन्हें दूसरी सेवा के पास भेजने का प्रस्ताव करेगी। इसमें दूसरी नर्स, डॉक्टर, विशेषज्ञ जैस कि बाल-चिकित्सक या स्पीच-लैंगवेज़ थैरापिस्ट, दंत सेवा, या ऐसा कोई व्यक्ति जो व्यवहार सम्बन्धी समस्याओं में सहायता कर सकता है। अगर आपको किसी के पास निर्देशित (रिफरल) किए जाने की जरूरत होती है तो आपके बच्चे की जानकारी को आगे भेजने के लिए आपसे अनुमति मांगी जाएगी।



# स्कूल-पूर्व जाँच सहमति प्रपत्र
# (बीफोर स्कूल चैक कन्सेन्ट फार्म)

कृपया बीफोर स्कूल चैक करने वाले व्यक्ति से सहमति प्रपत्र के बारे में बातचीत करें। अगर आप सहमति नहीं देते तो हम केवल आपके सम्पर्क ब्यौरे तथा आपके सहमति नहीं देने के तथ्य को ही रिकार्ड में रखेंगे ताकि हम आपसे दुबारा सम्पर्क नहीं करें। अगर आप सहमति नहीं देते परन्तु अपने बच्चे के बारे में चिन्तित हैं, तो अपने जीपी से मुलाकात करें।

## बच्चे का ब्यौरा

बच्चे का नामः ______________________________

जन्म-तिथिः ______________________________

जन्म प्रमाण-पत्र में दिया गया नामः (अगर ऊपर दिए गए नाम से अलग है)

______________________________

सामान्य तौर पर बच्चे के घर का पताः

______________________________

______________________________

______________________________

बच्चे का सामान्य घर का फोन नम्बरः

______________________________

क्या आपके बच्चे का बीफोर स्कूल चैक हो चुका है?

हाँ ☐ नहीं ☐

*अगर हाँ, तो बाकी के फार्म को भरने की जरूरत नहीं है।*

कृपया पन्ना पलटिए

## जब आपके बच्चे का बीफोर स्कूल चैक होः

- आप बालक स्वास्थ्य जाँच (चाइल्ड हैल्थ चैक) को पूरा करने और अपने बच्चे के विकास तथा आचार-व्यवहार के बारे में दो प्रश्नावलियों को पूरा करने में सम्मिलित होकर हमारी सहायता कर सकते हैं। एक (अर्ली चाइल्डहुड एजूकेटर) या अध्यापक/अध्यापिका जो आपके बच्चे को अच्छी तरह से जानते हैं, उनसे भी आचार-व्यवहार सम्बन्धी प्रश्नावली को भरने के लिए कहा जाएगा। आपके बच्चे की दृष्टि तथा श्रवण-शक्ति की भी जाँच की जाएगी।
- आपके बच्चे के बीफोर स्कूल चैक के परिणाम को आपके फैमिली डॉक्टर के पास भेज दिया जाएगा। केवल दृष्टि तथा श्रवण-शक्ति जाँच परिणामों को ही उसके अर्ली चाइल्डहुड सैंटर, कोहांगा रीयो तथा स्कूल के पास भेजा जाएगा। किसी अतिरिक्त जानकारी को बांटने के लिए आपकी अनुमति लेना जरूरी होगा।
- आपके बच्चे का नाम, जन्म-तिथि, जातीयता तथा नेशनल हैल्थ इन्डैक्स (एनएचआई) नम्बर को आपके बीफोर स्कूल चैक प्रदाता द्वारा रिकार्ड किया जाएगा तथा जाँच के परिणामों सहित नेशनल बीफोर स्कूल चैक सूचना प्रणाली में संग्रहित किया जाएगा।
- संग्रहित की गई किसी भी जानकारी को केवल उपयुक्त अधिकृत व्यक्तियों द्वारा ही देखा जाएगा जो आपके बच्चे के साथ काम कर रहे हैं, तथा बीफोर स्कूल चैक का समन्वयन (को-ओरडिनेशन) कर रहे हैं, या जो सूचना प्रणाली का प्रवन्ध कर रहे हैं।

**मैं** ______________________________

*माता-पिता या कानूनी अभिभावक के पूरे नाम को प्रिंट करें*

**मैं समझता/समझती हूं कि बीफोर स्कूल चैक में क्या निहित है औरः**

मैं बीफोर स्कूल चैक के लिए अपनी सहमति देता/देती हूँ ☐

मैं बीफोर स्कूल चैक के लिए अपनी सहमति नहीं देता/देती ☐

माता-पिता या कानूनी अभिभावक के हस्ताक्षरः

______________________________

तिथिः ____________________ Checked by: ____________________
(for office use only)

# बच्चों के लिए स्कूल शुरु करने की एक स्वस्थ तैयारी।

चार वर्ष के बच्चों के लिए एक निःशुल्क जाँच जो यह सुनिश्चित करने में मदद करती है कि आपका बच्चा स्वस्थ है और स्कूल में भलि-भांति पढ़-लिख सकता है।



## बीफोर स्कूल चैक की ओर से इकट्ठी की गई जानकारी का क्या होता है?

बीफोर स्कूल चैक के समय नर्स द्वारा आपको बताया जाएगा कि एकत्र की गई जानकारी का क्या होता है, वह किसे उपलब्ध होगी, तथा आपके फैमिली डॉक्टर, अर्ली चाइल्डहुड सैंटर या कोहांगा रीयो, तथा जिस स्कूल में आपका बच्चा जाने वाला है या जाता है, उनके साथ किस जानकारी को बांटा जाएगा।

## बीफोर स्कूल चैक के बारे में अधिक जानकारी के लिए

- अपने फैमिली डॉक्टर या नर्स, वैल चाइल्ड टॉमारिकी ओरा प्रदाता से बात करें या
- स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट (www.moh.govt.nz/b4schoolcheck) पर जाएं।
- 24 घंटे उपलब्ध होने वाली स्वास्थ्य सलाह सेवा (हैल्थ एडवाईज़ सर्विस) हैल्थलाईन को (0800 611 116) नम्बर पर फोन करें, जिसमें एक वैल चाइल्ड फोन लाईन शामिल है जो पैतृक या माता-पिता होने के बारे में सलाह तथा स्वास्थ्य शिक्षा जानकारी प्रदान करती है।

New Zealand Government

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA

hpa health promotion agency

September 2008. 06/2014. Hindi. Code HP4674